53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 9.0 °c | अधिकतम 25.1 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:57, सूर्यास्त - 6:09 | वर्ष : 53/ अंक : 46 | रविवार, 16 फरवरी 2025 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

'शब्द' का भी तापमान होता है, ये सुकून भी देते हैं और जला भी देते हैं।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

अखिलेश यादव को दृष्टि दोष है, मानसिक दोष है वे किसी अच्छे डॉक्टर से दवा ले लें : केशव प्रसाद मौर्य

आप ही कोई योग्य, और अनुभवी डॉक्टर बता दो.......

# हिन्दू संगठनों ने किया घण पूजन, प्रशासन के आश्वासन के बाद अब दो मार्च को पंचायत



**मुजफ्फरनगर, 15 फरवरी (बु.)।** इस्लामिया इण्टर कॉलेज अवैध अतिक्रमण मामले में आज प्रशासन द्वारा हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों से वार्ता की और उनसे 18 फरवरी को होने वाली हिन्दू पंचायत के समय को आगे बढ़ाने की बात रखी। पांच सदस्यीय हिन्दू संगठनों की टीम ने पहले प्रशासन से बात की और प्रशासन के आश्वासन के बाद आज आर्य समाज मंदिर में हुई पंचायत में मौजूद विभिन्न हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों से विचार-विमर्श करने के बाद जिला प्रशासन को 2 मार्च तक का समय दे दिया गया। मगर चेतावनी के रूप में हिन्दू संगठनों ने घण पूजन का कार्यक्रम जारी रखा और आर्य समाज मंदिर में ही हथौड़ा व फाली पूजन किया गया।

हिन्दू संगठनों के नेताओं ने अपने विचार रखते हुए कहा कि अब दसवीं व बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं आरम्भ हो चुकी हैं। ऐसे में बच्चों का भविष्य न खराब हो, इसके चलते अभी प्रशासन के अनुरोध पर उक्त कार्यक्रम टाल दिया गया है। यदि प्रशासन ने इस मामले में संतोषजनक कार्यवाही न की तो फिर से हिन्दू संगठन इकट्ठा होंगे और खुद ही इस अवैध अतिक्रमण पर हथौड़ा चला देंगे। फिलहाल हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा सर्वसम्मति से प्रशासन को 2 मार्च तक का समय दे दिया गया है। प्रशासन का यह भी कहना है कि उन्होंने जांच शुरू कर दी है और स्वयं वरिष्ठ अधिकारी इस्लामिया इण्टर कॉलेज में गए थे और वहां पैमाइश भी करके आए थे। अभी पूरे मामले में सत्यता की जानकारी की जा रही है। जल्द ही कोई न कोई ऐसे सुबूत सामने आएंगे जिससे तय होगा कि इस्लामिया इंटर कॉलेज में अवैध अतिक्रमण हुआ है अथवा नहीं। आज की बैठक में संयुक्त हिन्दू मोर्चा के मनोज सैनी, विश्व हिन्दू परिषद के ललित माहेश्वरी, भाजपा नेता सचिन सिंघल, सुनील तायल, पंजाबी समाज के अध्यक्ष अंकुर दुआ, पंजाबी समाज से सागर वत्स, प्रेमी छाबड़ा, विनोद डाबर, अनिल सोबती, संजय अरोरा, अनिल धमीजा, अमित पटपटिया, विजय सिंधी, विनोद किंगर, सन्नी बत्रा, विजय बाटा, हरिओम त्यागी, सुधीर खटीक, सुनील दर्शन, अखिलेश शर्मा, बृजेश अग्रवाल, पवन सिंघल, लोकेश सैनी, बिट्टू सिखेड़ा, राजेश कश्यप, अमरीश त्यागी, आशीष शर्मा, चेतन देव आर्य, शलभ गुप्ता, सतीश कुकरेजा सभासद, शोभित गुप्ता, शालू सैनी, अनीता चौधरी, रेनू चौधरी, अनूप सिंह राठी एडवोकेट, मुकेश आर्य, सचिन त्यागी, अर्जुन कश्यप, कशिश गोयल, अखिलेश पुरी, हरीश पालीवाल, विरेन्द्र त्यागी, वैभव शर्मा एडवोकेट, राजकुमार सैनी आदि उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**भोपा, 15 फरवरी (बु.)।** गांव बहुपुरा निवासी युवक घर जाते समय ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर लगने से गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को पुलिस द्वारा भोपा अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में ले लिया है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव बहुपुरा निवासी 45 वर्षीय अशरफीलाल फैक्ट्री में नौकरी करता है। शनिवार की सुबह वह रात्रि ड्यूटी करने के बाद घर वापिस लौट रहा था। जैसे ही वह बेहड़ा सादात स्थित पैट्रोल पम्प के सामने पहुंचा, तभी पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ट्रॉली ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे अशरफी लाल गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची ककरौली पुलिस ने गम्भीर रूप से घायल अशरफी लाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भोपा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ककरौली पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में ले लिया। अशरफी लाल की मौत से परिवार में मातम छा गया है। अफशरफी लाल की मौत से पिता दाताराम, भाई बोबिन्द्र, पत्नी जूली, पुत्र प्रियांशु और पुत्री रासवी को छोड़ गए हैं।

## देर रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भीड़ के चलते चार बेहोश, कई दर्जन घायल

**नई दिल्ली, 15 फरवरी (बु.)।** शनिवार की देर रात लगभग 10 बजे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मच गयी। प्लेटफॉर्म नं. 14 व 16 पर एकाएक लोगों को जबरदस्त भीड़ के कारण घुटन महसूस होने लगी और देखते ही देखते चार लोग बेहोश हो गए। चार लोगों को एक साथ बेहोश होता देख अफरा तफरी का माहौल बन गया और लोग पटरियां पार करके भीड़ कम करने के लिए इधर से उधर दौड़ते नजर आए। बताया जाता है कि इतनी बड़ी भीड़ प्रयागराज महाकुम्भ जाने के लिए जुटी हुई थी। रेलवे स्टेशन पर मची अफरा तफरी के बाद मौके पर अतिरिक्त सुरक्षा बल बुलाया गया और बड़ी मशक्कत के बाद लोगों को इधर-उधर कर स्थिति पर काबू पाया गया। बताया जाता है कि यहां से दो स्पेशल ट्रेन प्रयागराज के लिए चलाई गयी हैं, इन्हीं ट्रेनों के लेट होने के कारण यहां भीड़ जमा थी। रेलवे स्टेशन की सीढीयों पर साफ तौर पर इधर से उधर जाने के कारण जूते-चप्पल आदि पड़े हुए साफ दिखाई दिये। देर रात इसका समाचार जब पूरे देश में फैला तो लोगों ने प्रयागराज जा रहे अपने अपने परिजनों को फोन कर इसकी पुष्टि की। पुष्टि के बाद घटना वास्तविक निकली। कुछ लोगों के परिवारों ने उन्हें अपने घर वापसी के लिए कहा मगर अधिकांश लोग हौसला करते हुए ट्रेनों में चढ़कर प्रयागराज जाते दिखे।



## जहर खाने से पहले प्रेमी युगल का वीडियो वायरल, प्रेमिका की हो चुकी मौत

**मुजफ्फरनगर, 15 फरवरी (बु.)।** प्रेम में प्रेमी जोड़ा इस कगार तक पहुंच जाएगा कि दोनों को जहर खाना पड़ेगा, यह शायद खुद प्रेमी-प्रेमिका के परिजनों ने भी नहीं सोचा होगा। मुजफ्फरनगर के पुरकाजी में 10 फरवरी दिन सोमवार को पुरकाजी के शकरपुर के मजरा बुच्चा बस्ती के रहने वाले प्रेमी युगल ने जहर खा लिया था, जिसमें प्रेमिका मनु पुत्री संतराम की हाथोंहाथ मौत हो गयी थी जबकि रजत पुत्र सुशील को गंभीरावस्था में उत्तराखंड के एक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। शनिवार को उक्त प्रेमी युगल का एक वीडियो सामने आया जिसमें प्रेमी युगल ने वीडियो बनाते हुए बताया कि परिजनों ने उनका प्रेम स्वीकार नहीं किया। इस बात से तंग आकर दोनों एक दूसरे की रजामंदी से जहर खा रहे हैं। वीडियो में युवक व युवती दोनों एक दूसरे के साथ साथ जीने और साथ मरने की बात कहते साफ दिख रहे हैं। बताया जात है कि उक्त वीडियो बनाने के बाद दोनों ने जहर खा लिया था। जहर खाने के बाद जब मनु पुत्री संतराम की मौत हुई तो परिजनों ने यह आरोप खुलकर लगाया था कि रजत ने मनु को जबरदस्ती जहर दिया है। सम्भवतः परिजनों को इसी बात का जवाब देने के लिए शनिवार को प्रेमी रजत के परिजनों की ओर से यह वीडियो वायरल की गयी है कि प्रेमिका की मौत में प्रेमी रजत का कोई दोष नहीं है। इस वीडियो की चर्चा शनिवार को सोशल मीडिया पर जमकर होती दिखी और सभी ने एक स्वर में यही कहा कि यदि परिजन दोनों बच्चों की बात सुन लेते तो शायद उनमें से एक को जान न गंवानी पड़ती। इस तरह का प्रेम करने वाले युवक युवतियों के प्रेम को परिजनों को समझना चाहिए सिर्फ अपनी मूंछे ऊंची रखने के लिए किसी के बच्चे की जान जाने से यही बेहतर है कि उनका आपसी सहमति से विवाह कर दिया जाये।

## पुलिस का नेक काम रेल पटरी पर लाइव लेटे युवक की बचाई जान

**मुजफ्फरनगर, 15 फरवरी (बु.)।** मुजफ्फरनगर पुलिस द्वारा शनिवार को एक नेक काम किया गया, जिसमें खालापार के रहने वाले आरिफ पुत्र अब्दुल सत्तार निवासी जामियानगर की जान बचाई गयी। पुलिस को सूचना मिली कि संधावली अंडरपास रेलवे पटरी पर एक युवक जीवित अवस्था में लेटा हुआ है और इस इंतजार में था कि कब गाड़ी आए और उसका काम तमाम हो। मगर ईश्वर को उसकी जान बचानी ही थी। किसी व्यक्ति की सूचना पर दबे पांव पुलिस अंडरपास की पटरियों पर पहुंची तो वास्तव में युवक जीवित रूप से युवक आराम से पटरी पर लेटा था। पुलिस ने युवक का हाथ पकड़ा और उसे रेलवे लाइन से उठाया और पूछा कि आखिर वह यहां किसलिए आया था तो युवक ने बताया कि वह अपने घर व अपनी जिंदगी से परेशान है। इसलिए अपने आपको मौत के मुंह में धकेलने आया था। फिलहाल उक्त युवक को सख्त हिदायत देते हुए समझा-बुझाकर उसके परिजनों को सौंप दिया गया।




आँखो के सफेद मोतियाबिन्द का
कैम्प
आयुष्मान कार्ड वालों का मुफ्त ऑपरेशन
सोमवार, 17 फरवरी 2025
समय- प्रातः 10:00 बजे से सायं 03:00 बजे तक
परामर्श चिकित्सक
डा0 ईशा गुप्ता
M.B.B.S., M.S. (OPHTHALMOLOGY)
नेत्र रोग विशेषज्ञ
स्थानः-
हर्ष मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
आर्य समाज रोड, निकट महावीर चौक, अग्रवाल मार्किट के पीछे, मुजफ्फरनगर
कैम्प के लिए नाम पहले से लिखवायें
(कैम्प में 40 वर्ष से अधिक उम्र के मरीज दिखायें)
Mobile.: 8194092424, 81267337290

यूरोलॉजी
संबंधित समस्याओं का भरोसेमंद इलाज।
किडनी स्टोन, प्रोस्टेट और पेशाब की समस्याओं का आधुनिक इलाज अब शांति मदन अस्पताल, मुजफ्फरनगर में उपलब्ध है।
अनुभवी डॉक्टरों से सही समाधान पाएं।





डॉ. सहज गर्ग
M.S., M.Ch. (Urology)
Sr. Urologist & Andrologist
PCNL, MINI PCNL, UMP, RIRS, ESWL
Safest Surgeries For Kidney Stone Removal.
लेजर विधि द्वारा गुर्दे, मूत्र नली की पथरी का इलाज | पेशाब की थैली की पथरी का इलाज | लेजर द्वारा गदूद का इलाज
बच्चों के गुर्दे व पेशाब सम्बंधित रोगों का इलाज | महिलाओं के पेशाब सम्बंधित रोगों का इलाज | पुरुष संतानहीनता का इलाज
पेशाब में खून आना, जलन होना व पेशाब की धार पतली होना | समस्त यूरोलॉजी कैंसर का इलाज
SHANTI MADAN HOSPITAL
Always caring, Always here.
आयुष्मान भारत योजना
से निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है
*केवल यूरोलॉजी समस्याओं के लिए मान्य है
All Major TPA also available
244, North Civil Lines, Thana Civil Lines, Muzaffarnagar.
परामर्श के लिये संपर्क करें: 9760 25 4747

GOLDEN PUBLIC SCHOOL
Co-educational Sr. Secondary School Affiliated to CBSE, New Delhi
ADMISSIONS OPEN 2025-26
PLAY TO IX & XI (Science, Commerce & Humanities)





"THE FUTURE OF YOUR CHILD BEGINS HERE"
- Safe and Secure CCTV Campus, Lush Green & Pollution Free Environment
- Truly Dedicated, Committed and Trained Teachers
- 100% Board Result of Class X and XII
- Focus on Effective Communication Skills
- Participation of Students in Olympiads, Interschool, State, National and International (Model United Nations) Events
- Transport Available on All Routes
- NO ADMISSION FEE FOR CLASSES PLAY TO VI
- SIBLING DISCOUNT
Registration forms are available for admission on all working days between 10:00 am to 03:00 pm
PACHENDA ROAD, MUZAFFARNAGAR
Email: golden.publicmzn@gmail.com | Talk with us: 0131-2413427, +91 9997589620
Website: www.gpsmzn.in | goldenpublicschoolmuzaffarnagar

Fortis HOSPITAL Noida
फोर्टिस हॉस्पिटल, नोएडा
एडवांस लिवर रोग एवं कैंसर रोग ओपीडी
का मुजफ्फरनगर में आयोजन कर रहा है
डॉ. मुकुल रस्तोगी
डायरेक्टर - हेपेटोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और लिवर ट्रांसप्लांट
फोर्टिस हॅास्पिटल, नोएडा
हर महीने के चौथे रविवार
प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक
डॉ. बंसल क्लीनिक, 37/3, सिविल लाइंस (दक्षिण), महावीर चौक, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
डॉ. विशाल बंसल
सीनियर कंसलटेंट - सर्जिकल ओन्कोलॉजी
फोर्टिस हॅास्पिटल, नोएडा
हर महीने के पहले और तीसरे मंगलवार
दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक
गुप्ता नर्सिंग होम एवं लैप्रोस्कोपी सेंटर, गन्ना फार्म के पास, सर्कुलर रोड, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
अधिक जानकारी के लिए 82188 74540
फोर्टिस हॉस्पिटल, नोएडा, बी-22, डी ब्लॉक, सैक्टर-62, गौतम बुद्ध नगर, नोएडा-201301
MyFortis ऐप डाउनलोड करने के लिए क्यूआर कोड को स्कैन करें
फोर्टिस नेटवर्क - दिल्ली-एनसीआरः गुरूग्राम | मानेसर | नोएडा | ग्रेटर नोएडा | फरीदाबाद | ओखला | शालीमार बाग | वसंत कुंज | ला फेम | डिफेन्स कॉलोनी | सी-डीओसी

